हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 24 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.1 डिग्री
न्यूनतम 7.4 डिग्री

12 सिख गुरुओं की कुर्बानियां विश्व में सबसे बड़ी मिसाल



12 सभी समस्याओं का आध्यात्मिकता की एकमात्र समाधान : गिरिश



## खबर संक्षेप

### यमुनानगर : झाड़ियों में मिला महिला का शव

**यमुनानगर।** तेजली स्टेडियम के पीछे इंदिरा आवास कॉलोनी के पास झाड़ियों से देर शाम एक महिला का शव बरामद हुआ। सूचना पर अर्जुन नगर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया। उसकी शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की परंतु मृतका की पहचान नहीं हुई। इंदिरा आवास कॉलोनी में लगे ट्यूबवेल पर ऑपरेटर प्रभु शनिवार शाम को ट्यूबवेल पर पहुंचा। इस दौरान उसने देखा कि पास में लगी झाड़ियों के बीच महिला बेसुध पड़ी है। इस बारे में आसपास के लोगों को बताया।

### बाबा काली सिंह मंदिर में चढ़ावे को लेकर विवाद

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम में काली सिंह बाला मन्दिर में चढावे को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ और विवाद इतना बढ गया कि दोनो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सनौली खुर्द थाना प्रभारी वेदपाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मंदिर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों को मंदिर से से दूर कर दिया। वहीं मंदिर में आए चढावे को एकत्र कर गौशाला को भेंट कर दिया।

### देसी पिस्तौल व कारतूस के साथ युवक पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सादिक पुत्र मेहताब निवासी गांव राठोडा शामली यूपी को 2 देसी पिस्तौल व 8 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, आरोपी सादिक के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया और उसके साथियों की जानकारी लेने के लिए सादिक को कोर्ट से पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### सीढ़ियों से गिरने पर मजदूर की मौत

**पानीपत।** पानीपत के हुडा औद्योगिक सेक्टर-25 स्थित एक फैक्ट्री में रविवार को काम के दौरान सीढ़ियों से नीचे उतरते समय कर्मचारी 45 वर्षीय कल्लू सिंह का अचानक पैर फिसल गया और वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी कर्मचारी, कल्लू को सिविल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मेडिकल जांच के बाद बाद कल्लू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, चांदनी बाग थाना प्रभारी महिपाल ने बताया कि कल्लू की मौत के मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत में रिफाइनरी पुल के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची। जीआरपी थाना प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है, पुलिस इसकी पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### बैंक्वेट हॉल में समारोह के दौरान लगी आग

**करनाल।** शहर के रेड कार्पेट बैंक्वेट हॉल में रविवार को शादी समारोह के दौरान अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार बारातियों द्वारा की जा रही आतिशबाज़ी के दौरान एक पटाखा हवा में उछलकर बैंक्वेट के मुख्य गेट पर गिरा और कुछ ही क्षणों में आग भड़क उठी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और दमकलकर्मियों ने तेज़ पानी की बौछारों के माध्यम से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बारातियों द्वारा स्काई शॉट आतिशबाज़ी की जा रही थी, इसी दौरान एक पटाखा नीचे गिरकर गेट पर लगा।

---

### कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जारी

# कलाकारों के लोक नृत्य ने देश के विभिन्न सांस्कृतिक पहलुओं के करवाए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर देश की संस्कृति के अहम पहलुओं से रुबरु करवाने का काम किया जा रहा है। इन लोक कलाकारों ने भगवान की आराधना के साथ-साथ विभिन्न त्यौहारों पर गाए जाने वाले गीतों और नृत्य के दौरान महिलाओं के मन में उठने वाली उमंग को दशार्ने का काम किया गया। इस लोक नृत्य को देखकर कुरुक्षेत्र उत्सव में आए पर्यटक गदगद हो गए।

- एनजेडसीसी की तरफ से बुलाए गए हैं विभिन्न प्रदेशों से कलाकार

महोत्सव के 9वें दिन रविवार को ब्रह्मसरोवर के विभिन्न घाटों पर पर्यटकों का मनोरंजन करने के लिए उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के कलाकारों ने अपना मंच जमाया है। राजस्थान से इस ग्रुप के कलाकार विशेष तौर पर कच्ची घोड़ी लोक नृत्य को लेकर आए इन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर सभी पर्यटकों का मन अपनी तरफ आकर्षित कर लिया। कलाकारों ने परंपरागत वेशभूषा और हाथों में राजस्थानी परम्परा के अनुसार चूड़ा पहन कर जबरदस्त प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति को देखकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।







कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार, पर्यटकों का मनोरंजन करते ढोल नगाड़ा पार्टी के कलाकार तथा पर्यटकों को आकर्षित करते शिल्पकला के बेहतर नमूने। फोटो : हरिभूमि

इसके साथ-साथ कलाकारों ने अपने लोक नृत्य के माध्यम से तीज त्योहारों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले नृत्य की प्रस्तुति देकर सबको भार विभोर कर दिया। जैसे ही इन कलाकारों की प्रस्तुति समाप्त होती है तो ब्रह्मसरोवर के घाट तालियों से गूंज उठते है। इस प्रस्तुति के बाद इस उत्सव में अन्य राज्यों के कलाकारों ने लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। हिमाचल के लोक कलाकारों ने पूजा और घट नृत्य के माध्यम से पर्यटकों का खूब मनोरंजन किया और हिमाचल का ग्रामीण जीवन स्तर भी दशार्ने का प्रयास किया। एनजेडसीसी के अधिकारी भूपेंद्र ने कहा कि विभिन्न राज्यों के कलाकार इस महोत्सव में सालों से लोगों का मनोरंजन करने का काम कर रहे हैं।

एनजेडसीसी का प्रयास रहता है कि हर वर्ष कुछ न कुछ नया किया जाए ताकि दर्शक सरस और शिल्प मेले के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी खूब आनंद ले सकें। इस वर्ष विभिन्न प्रदेशों से कलाकार एनजेडसीसी की तरफ से बुलाए गए हैं।

### पैदल जागरुकता यात्रा निकाली

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने रविवार को ब्रह्मसरोवर परिसर में पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल ट्रस्ट के सदस्यों ने मानव धर्म को अपनाते हुए श्रेष्ठ बनने का संदेश दिया। इस दौरान सतयुग दर्शन ट्रस्ट के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति द्वार बच्चों ने सभी को सिखाया की हम सबको मिल जुलकर रहना चाहिए। ट्रस्ट के सदस्यों ने स्टॉल नंबर 606 से पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। यात्रा में ट्रस्ट के सज्जनों ने भाग लिया। आओ जागे और जगाएं, सतयुग की ओर कदम बढ़ाए और हम एक ही जोत से उपजे है और एक ही अपना नाता है आदि नारों से सारा वातावरण गूंज उठा। एचसी मुंजाल ने बताया कि स्टॉल नंबर 606 पर ध्यान कक्ष लगाया गया है। इस ध्यान कक्ष से मानवों को नैतिक चारित्रिक मानवीय आदशों के अनुरूप ढाल मानसिक रूप से सदाचारिता पूर्ण आचरण व निष्काम कर्म करने के योग्य बनाया जाता है ताकि उनकी वृत्ति-स्मृति व बुद्धि निर्मल हो जाए और वे कर्म फल व तीनों तापों से आजाद रहे, अंत मोक्ष को प्राप्त कर अपना जीवन सार्थक बना सकें।

### शिल्पकला के बेहतर नमूनों ने छोड़ी अनोखी छाप

*कुरुक्षेत्र। गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन घाटों पर अलग-अलग राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों की शिल्पकला पर्यटकों के मन को मोह लिया है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 5 दिसंबर तक लगने वाले इस सरस और क्राफ्ट मेले में शिल्पकारों की अनोखी शिल्पकला की मेहनत के सार को खुद में ही ब्यां कर रही है। इतना ही नहीं इस सरस और क्राफ्ट मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों ने अपनी हस्त शिल्पकला को अद्भुत तरीके से सजाने का काम किया गया है। अहम पहलू यह है कि वेस्ट लकड़ी से पोट बनाकर और कारविंग की शिल्पकला को पूरे राष्ट्र में पसंद किया गया। महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तटों पर शिल्पकारों ने अपनी शिल्पकला को सजाया हुआ है। ये शिल्पकार अपने साथ लकड़ी का बना साज्जो-सजावट का सामान लेकर आए है। वे यह सारा सामान नीम, शीशम व टीक की लकड़ी से बनाते है तथा इसको बनाने में कम से कम 2 से 4 दिन का समय लगता है। शिल्पकारों ने बातचीत करते हुए कहा कि अपनी हस्त शिल्पकला का प्रदर्शन वे अन्य राज्यों में भी करते है। वे इस अंतर्राष्टद्गरीय गीता महोत्सव में हर वर्ष आते है तथा इस बार वे अपने साथ झूला, कॉफी सेट, टी सेट, रॉकिंग चेयर, रेस्ट चेयर, फ्लावर पोर्ट, कार्नर व स्टूल लेकर आए है। अंतर्राष्टद्गरीय गीता महोत्सव पर इस अद्भुत शिल्पकला ने एक अनोखी छाप छोड़ी है। महोत्सव में दूर दराज से आए शिल्पकारों की अनोखी शिल्पकला से ब्रह्मसरोवर का पावन तट सज चुका है। पिछले वर्ष के अंतर्राष्टद्गरीय गीता महोत्सव में पर्यटकों ने लाखों रुपए का समान खरीदा था। इस बार भी अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है। शिल्पकारों की हस्त की शिल्पकला को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ से यह उत्साह देखने को मिल रहा है तथा इन शिल्पकारों की शिल्पकला से बनी अनोखी वस्तुओं को पर्यटक जमकर खरीददारी कर रहे है। लकड़ी के शानदार झूले बच्चों को काफी पंसद आ रहे है।*

---

## भारत पेट्रोलियम का टैंकर धमाके के साथ फटा, चालक व राहगीर जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- धमाके की वजह से मची अफरातफरी, पुलिस कर रही है मामले की जांच

अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। भारत पेट्रोलियम का एक खाली टैंकर अचानक धमाके के साथ फट गया। टैंकर में उस समय कोई पेट्रोलियम पदार्थ या गैस मौजूद नहीं थी।

इस हादसे में दो लोग घायल हो गए जिनमें एक स्कूटी सवार राहगीर और दूसरा स्वयं टैंकर का ड्राइवर शामिल है। टैंकर में वेल्डिंग का काम करवाने के लिए हाईवे किनारे रुका था। वेल्डिंग शॉप चलाने वाले अमनदीप ने बताया कि रिपेयर का काम अभी शुरू ही नहीं हुआ था कि अचानक टैंकर में जोरदार ब्लास्ट हो गया। तेज धमाके के साथ टैंकर का पिछला हिस्सा हवा में उड़ गया। इसकी वजह से आसपास अफरा-तफरी मच गई। हादसे के समय एक स्कूटी सवार वहां से गुजर रहा था, जो धमाके की चपेट में आ गया। उसे तुरंत अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। टैंकर का ड्राइवर भी उस समय वाहन पार्क कर रहा था, जिसे काफी चोटें आईं और उसे भी अस्पताल पहुंचाया गया। एक कबाड़ चुनने वाला व्यक्ति अपनी रेहड़ी लेकर वहां पास में खड़ा था। उसने बताया कि धमाका इतना तेज था कि उसकी पूरी रेहड़ी और उसमें रखा कबाड़ हवा में उड़ गया। उसकी रेहड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि वह बाल-बाल बच गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही लोग मौके पर एकत्रित हो गए। लेकिन अभी तक पुलिस के पास किसी भी पक्ष की तरफ से शिकायत नहीं पहुंची है। पुलिस का कहना है कि जैसे ही शिकायत मिलेगी, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### विदेश भेजने का झांसा दिया

## पांच लाख 80 हजार रुपये की ठगी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आपरेशन ट्रैकडाउन के तहत पुलिस चौकी खेड़ी लक्खा सिंह की टीम ने युवक को विदेश भिजवाने का झांसा देकर पांच लाख 80 हजार रुपये की ठगी के मामले में जिला अंबाला के गांव भोगपुर निवासी चरणजीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

चौकी इंचार्ज आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव भोगपुर निवासी नरेश कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी



यमुनानगर। खेड़ी लक्खा सिंह पुलिस चौकी टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

गांव के ही तरनदीप सिंह से बातचीत हुई। आरोपी ने कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का कार्य करता है। उसका मैन पावर का लाइसेंस बना हुआ है। उसकी बातों में आकर अपने भांजे नाहरपुर निवासी विजय के बारे में बात की। आरोपी ने उसे रूस में भिजवाने व वहां पर कंपनी में नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। इसके लिए आरोपी ने छह लाख रुपये मांगे। आरोपी को अलग-अलग कर पांच लाख 80 हजार रुपये दे दिए। आरोपी ने उसके भांजे को रूस की बजाय कजाकिस्तान में ले जाकर छोड़ दिया।

लगभग एक सप्ताह बाद भांजे ने कॉल कर बताया कि वह कजाकिस्तान में फंस गया है। उसे यहां से वापस बुलवाओ। आरोपी से इस बारे में बात की तो वह टाल मटोल करने लगा। किसी तरह से टिकट का इंतजाम कर भांजे को वापस बुलवाया।

## लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट के बहाने से शिक्षक के खाते से 12 लाख रुपये साफ

- नौकर ने मोबाइल फोन चोरी कर साढ़े सात लाख निकवाए

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम में सेक्टर-9 निवासी 57 वर्षीय अनीता रानी की शिकायत पर 12 लाख की ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। 11 नवंबर 2025 को उनके वॉट्सऐप नंबर पर एक नंबर से संदेश आया था। 13 नवंबर को उसी नंबर से वॉट्सऐप कॉल आई जिसमें कॉलर ने स्वयं को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के हेड ऑफिस का कर्मचारी बताया। कॉलर ने कहा कि उनका लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन अपडेट करना है, ताकि पेंशन बंद न हो। इस झांसे में आकर पीड़िता कॉलर के संपर्क में रहीं। जैसे ही पीड़िता ने लिंक खोला, उनके खाते से तीन बार में कुल 12 लाख ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। बैंक स्टेटमेंट देखने पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

### अमेरिका भेजने के नाम पर 16 लाख की ठगी, एजेंट पर केस दर्ज

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर रिटायर फौजी के बेटे व भतीजे से 16 लाख की ठगी हो गई। दोनों को अमेरिका भेजने का लालच दिया गया था। एजेंट ने अमेरिका भेजने का सपना दिखाकर दुबई में घुमाता रहा। बाद में उसे भारत लौटा दिया। नग्गल थाना पुलिस ने सिटी के शांति नगर के तेजा सिंह की शिकायत पर बकनौर गांव के आरोपी कप्तान सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित तेजा सिंह ने बताया कि वह सेना से रिटायर है। बेटे दमनदीप सिंह को आरोपी कप्तान सिंह के जरिए ही अमेरिका भेजा था। इस तरह से आरोपी का विश्वास बन गया था। अब अपने दूसरे बेटे गोविंद्र सिंह व भतीजे लखविंद्र सिंह को अमेरिका भेजना चाहता था। दोनों को अमेरिका भेजने के लिए आरोपी से 60 लाख रुपये में बात तय हुई थी। आरोपी ने कहा कि पहले 30 लाख रुपये व मैक्सिको पहुंचने के बाद बाकी की राशि देनी होगी। 5 नवंबर 2021 को 30 लाख रुपये की नकद राशि आरोपी को दे दी थी। बाद में बेटे व भतीजे को अमेरिका भेजने के लिए दिल्ली बुलाकर एक माह तक वहीं रखा। इस बीच तीन लाख रुपये का खर्च आया था। जब अमेरिका नहीं भेजा तो दोनों वापस घर लौट आए। 27 जनवरी 2022 को दुबई भेज दिया। दो माह रखने के बाद आरोपी बोला कि आगे का रास्ता बंद है। इसी वजह से उन्हें वापस भेज दिया। आरोपी ने अमेरिका नहीं भेजा और 30 लाख रुपये में से महज 14 लाख रुपये ही वापस लौटाए। आरोपी के पास अभी भी 16 लाख रुपये की राशि है जो देने में आनाकानी कर रहा है।

### ट्राला व कार की भिड़ंत में दो की मौत, एक घायल

**इंद्री।** शनिवार देर शाम गांव खानपुर के पास हुई ट्राला व कार की भिड़ंत में घायल हुए तीन व्यक्तियों में से दो की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में घायल गांव खेड़ी मानसिंह निवासी करीब बीस वर्षीय यशमीन व ट्राला चालक करीब 33 वर्षीय रामप्रसाद निवासी आजमगढ़ की मौत हो गई है । दुर्घटना के समय कार में सवार दूसरे घायल करीब पच्चीस वर्षीय हिमांशु की हालत भी गंभीर बताई जा रही है । उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ऑल इंडिया मेडिकल कॉलेज दिल्ली रैफर कर दिया गया है ।जांच अधिकारी जितेंद्र ने बताया कि ट्राला व कार दुर्घटना में घायल तीन में से दो व्यक्तियों की मौत हो गई है । मृतक ट्राला चालक रामप्रसाद का पोस्टमार्टम करवा कर वारिसों को सौंप दिया गया है जबकि गांव खेड़ी मानसिंह निवासी यशमीन का शव करनाल शवगृह में रखवाया गया है।

---

### शहीदी दिवस समागम कार्यक्रम और गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र आएंगे नरेंद्र मोदी

# प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- आला अधिकारियों ने जिले में जांची पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र में गुरु श्री तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समागम कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में 25 नवम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगें। प्रधानमन्त्री के कुरुक्षेत्र दौरे को लेकर कुरुक्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया गया है।

इस अवसर पर विभिन्न जिलों से आये व जिला पुलिस के महिला एवं पुलिस जवानों को वीवीआईपी सुरक्षा डयूटियों पर तैनात किया गया है। गुरु श्री तेग बहादुर जी के 350वें शहिदी दिवस समागम स्थल व अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव व प्रधानमन्त्री के कुरुक्षेत्र आगमन के दौरान सुरक्षा डयूटियां दिन व रात की शिफ्टों में तैनात रहेंगी। इन सुरक्षा डयूटियों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल अम्बाला पंकज नैन ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने उपरान्त सुरक्षा मे तैनात सभी अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री के धर्मनगरी दोरे को लेकर पुलिस ने पर्याप्त पुलिस बल तैनात करके सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है।



कुरुक्षेत्र। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन। फोटो : हरिभूमि

पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल पंकज नैन ने वीवीआईपी की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने उपरान्त विभिन्न जिलो से आए हुए पुलिस अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि वीवीआईपी आगमन के दौरान ड्यूटी मे किसी प्रकार लापरवाही सहन नही की जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मंडल अम्बाला पंकज नैन ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल अनुभव केन्द्र ज्योतिसर तथा ज्योतिसर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और सभी तैयारियां पूरी करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### ड्रोन व ग्लाइडर उड़ाने पर रहेगी पाबंदी

*प्रधानमंत्री कुरुक्षेत्र आगमन के दौरान कुरुक्षेत्र शहर में किसी भी प्रकार के ग्लाइडर व ड्रोन उडाने पर पाबंदी रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी कम्पनी या व्यक्तिगत ग्लाइडर या ड्रोन उडाने की अनुमति नही दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र नीतीश अग्रवाल द्वारा सभी थाना प्रभारी व ड्यूटियों पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को इस बारे में स्पष्ट निर्देश दिए गए है।*

### शहीदी दिवस समागम स्थल पर आने वाले वाहनों के लिए ट्रैफिक प्लान

**कुरुक्षेत्र।** प्रधानमंत्री के 25 नवम्बर को कुरुक्षेत्र समागम समारोह में आने वाले वाहनों का रूट प्लान तैयार किया गया है। 25 नवम्बर को गुरु तेग बहादुर जी की 350वें शहीदी दिवस समागम समारोह में आने वाले के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है ताकि यातायात को सुचारू रूप से चलाया जा सके। दिल्ली, सोनीपत, पानीपत से आने वाले वाहन असंध, 152-डी, मुर्तजापुर, पेहवा कुरुक्षेत्र मार्ग से समागम स्थल पर पहुंचेंगें। पानीपत, करनाल, नीलोखेडी से आने वाले वाहन नीलोखेडी से निगदू, कारसा, कौल 152-डी, मुर्तजापुर, पेहवा कुरुक्षेत्र मार्ग से समागम स्थल पर पहुंचेंगें। जींद, नरवाना, कैथल से आने वाले वाहन नैशनल हाईवे-152, नैशनल हाईवे-152-डी, मुर्तजापुर, पेहवा कुरुक्षेत्र मार्ग से समागम स्थल पर पहुंचेंगें।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तहत श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में भजन संध्या

# भजन में जीवन से हारे मनुष्य को संजीवनी देने की शक्ति : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में श्री लक्ष्मीनायारण मंदिर साढ़ौरा में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भजन संध्या में साध्वी बहनों ने भावपूर्ण भजनों का गायन कर साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में साध्वी मनस्विनी भारती ने भजनों की शक्ति के महत्व के बारे में साध संगत को समझाया।

साध्वी मनस्विनी भारती ने फरमाया कि भजन वह है जो दुख का भंजन करे। केवल भगवान के भजन में वह शक्ति है जो एक जीवन से हारे मनुष्य को भी पुनः संजीवनी प्रदान करती है । क्योंकि एक स्वाभाविक सी बात है कि जब हम किसी का ध्यान व गुणगान करते हैं तो उसके गुण स्वतः ही हमारे भीतर उतर जाते हैं। इसलिए जब हम भजन संकीर्तन के द्वारा प्रभु का ध्यान और गुणगान करते हैं तो कदाचित प्रभु के गुण हमारे भीतर सहज रूप से उतर जाते हैं। परमात्मा प्रेम,दया, क्षमा व धैर्य जैसे सद्गुणों का सागर है।

साध्वी मनस्विनी भारती ने साध संगत को समझाया कि ब्रह्मज्ञान के द्वारा परमात्मा को अपने अंतःकरण में प्रकाश स्वरूप में दर्शन करने के पश्चात ही हम वास्तविक रूप में परमात्मा के गुणों को जान सकते हैं। जैसे सफेद कपड़े पर रंग आसानी से चढ़ जाता है। इसी प्रकार पूर्ण गुरू की कृपा के द्वारा जब एक ब्रह्मज्ञानी साधक ध्यान साधना से अपने पूर्वजन्म के कर्म संस्कारों को दग्ध करके अंतर आत्मा को परम पावन कर लेता है। तभी बाहर से किया हुआ भजन संकीर्तन भी उसके लिए पूर्ण फलदायी होता है। जब हमारे पास कोई कठिन परिस्थिति आती है तभी हम परमात्मा की शरण में आते हैं।



यमुनानगर। साढ़ौरा में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित भजन संध्या में भजनों का गायन करते हुए साध्वी बहनें व श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

### एक भाव हजार शब्दों पर भारी

*पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ एक भक्त अपने भगवान को भजता है तो उसके दुःख को समाप्त करने की चिंता स्वयं दुःख भंजन को हो जाती है। अंतर आत्मा से प्रकट हुआ एक भाव भी मुख से निकले हजार शब्दों पर भारी पड़ जाता है। क्योंकि माता शबरी के भावों से पगे हुए जूठे बेर श्री राम ने बड़ी प्रेमभाव से चखे और कृष्ण अवतार में विदुर के घर केले के छिलकों का भोग लगाया। एक भक्त का जीवन प्रभु की विशुद्ध भक्ति को परिलक्षित करता है। इसलिए वह युगों युगों तक भावी पीढ़ियों के लिए भी भक्ति के आदर्श रूप में सम्मानित होता है।*

## गांव घिलोर में घर में घुसकर मारपीट करने पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव घिलोर में एक व्यक्ति ने घर में घुसकर गांव के ही सुशील दत्त को घायल कर दिया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव घिलोर निवासी सुशील दत्त ने रादौर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 नवंबर को शाम शाम बजे वह अपने घर पर काम कर रहा था। इस दौरान उनके गांव का ही प्रवीण दत्त उनके घर में घुस गया। आरोपी ने आते ही उसके साथ लड़ाई झगड़ा करना शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ मारपीट की।

जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब उसके घर के सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी दोबारा उस पर हमला कर सकते हैं। इस लिए जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण कर दवा निर्माण प्रकिया की ली जानकारी



**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन (रादौर) के बीफार्मेसी के छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को हिमाचल के पांवटा साहिब स्थित तिरुपति लाइफ सांइस लिमिटेड में शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कंपनी में दवा निर्माण की वास्तविक प्रक्रिया की जानकारी हासिल की। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने कंपनी में दवा निर्माण की प्रक्रिया व किस प्रकार उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां उन्नत तकनीक, सटीक प्रक्रियाओं और कड़े सुरक्षा मानकों के साथ तैयार की जाती हैं के बारे में पूर्ण जानकारी हासिल की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन स्थल गुरुद्वारा पांवटा साहिब में जाकर मत्था टेककर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। इस प्रकार के इंडस्ट्रियल विजिट विद्यार्थियों को औद्योगिक माहौल से जोड़ने और उन्हें पेशेवर रूप से सक्षम बनाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




## प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर को किया सम्मानित

**रादौर।** मुकंदलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में रविवार को सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कालेज के प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर को संस्थान में 20 वर्षो की सेवा के उपरांत मैनेजमेंट की ओर से उन्हें शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर कॉमर्स के टीचर है। जिन्हें मैनेजमेंट ने दो वर्ष पहले स्कूल का प्रिंसिपल नियुक्त किया था। प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर ने उन्हें सम्मानित किए जाने पर मैनेजमेंट का हार्दिक आभार प्रकट किया। मुकंदलाल संस्था के चेयरमैन सेठ अशोक कुमार ने कहा कि मुकंदलाल संस्था समय समय पर अपने मेहनती व कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित करती रहती है। जिससे उनका हौसला बढ़ता है। प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर द्वारा स्कूल के उत्थान को लेकर कड़े प्रयास किए गए है। जिसके लिए वह बधाई के पात्र है।

# लोकी पूछदे ने हाल की बना लिया बाबा लाल ने.. भजन पर झूमे श्रद्धालु, केक काटा

- महंत श्रीराम सुंदर दास जी महाराज के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में महंत श्री रामसुंदर दास जी महाराज का जन्मोत्सव व मंदिर में स्थापित 22 मूर्तियों का स्थापना दिवस समारोह रविवार को बड़ी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। समागम में श्री ध्यानपुर गद्दी के महंत श्रीराम सुंदर दास जी महाराज विशेष रूप से शामिल हए।

रविवार को समागम में महाराज ने सबसे पहले उन श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा दी जिन्होंने पंडित गोपालराज से पूजा अर्चना करवाई थीं। इसके बाद श्रद्धालुओं को आशीर्वाद व प्रसाद वितरण करने का सिलसिला आरंभ हुआ जो दोपहर बाद तक जारी रहा। इस दौरान भजनिक दास बसंत ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। भजनीक लवली मान ने भजन गया कि लोकी पूछदे ने हाल की बना लिया बाबा लाल ने कमली बना दिया। इस भजन पर श्रद्धालु जमकर झूमे। वहीं, फुलांदी वर्षा होई रे बाबा लाल दे दरबार विच, लालद्ववारे को सोने सा बनाना है, सेवा में करो अर्पन जो कुछ भी चढ़ाना है भजनों पर भी श्रद्धालु अपने आप को रोक नहीं पाए। श्रीलालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि महाराज सोमवार को भी श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा व आशीर्वाद देंगे। दोपहर को समागम के दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर केवल लूथरा, दविन्द्र मेहता, नरेंद्र ओबरॉय, राजीव अरोड़ा, प्रदीप चड्ढा, वासुदेव वर्मा, राजेंद्र सोबती, सोनू मेहता, अशोक भाटिया, मोनू मेहता, दीपक अरोड़ा व आरके वोहरा आदि मौजूद रहे।


श्रीलालद्वारा मंदिर में केट काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाराज।

### पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस

## प्लाट बेचने के नाम पर व्यक्ति से 48 लाख रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के सेक्टर-17 हुडा थाना क्षेत्र में प्लाट बेचने के नाम पर 48 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ज्योति नगर कॉलोनी निवासी गगन मेहता ने आरोप लगाया है कि तीन व्यक्तियों ने आपसी साजिश रचकर उनसे कोर्ट केस में पहले से फंसे प्लाट को साफ-सुथरा बताकर रुपये ठग लिए। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी अंसल टाउन निवासी शिवराम अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह लंबे समय से किराए के मकान में रह रहा था और अपना खुद का घर बनाना चाहता था। इसी दौरान आरोपी यशपाल सिंह निवासी दुर्गा कॉलोनी ने उसे रजत अग्रवाल निवासी अंसल टाउन से मिलवाया। रजत ने अपने पिता शिवराम अग्रवाल के नाम गढ़ी मुंडो स्थित प्लॉट नंबर-9 को 24 हजार रुपये प्रति गज की दर से बेचने का प्रस्ताव रखा। उसने 27 दिसंबर 2023 को 48 लाख रुपये में प्लाट का सौदा पक्का किया। चार अप्रैल 2024 को आरोपियों ने तहसील कार्यालय जगाधरी में प्लाट की रजिस्ट्री करवा दी और भुगतान कर दिया गया। उसने यह रकम बैंक से होम लोन और कंस्ट्रक्शन लोन लेकर दी थी, लेकिन जनवरी 2025 में जब प्लाट पर समन आए तो सच्चाई सामने आई।

## एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकाली




**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी दिवस के उपलक्ष में कस्बा में स्वच्छता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्वच्छता जागरुकता रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर छोटा बांस, कस्बा के मेन बाजार समेत नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान रैली में एनएसएस के विद्यार्थी भी शामिल रहे। कॉलेज के निदेशक डॉ. संजीव गर्ग ने बताया कि स्वच्छता रैली का मुख्य उदेश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर खेल विभाग के प्रमुख डॉ. उमेश पाल सिंह, एनएसएस प्रभारी डॉ. विकास भारद्वाज, एनसीसी प्रमुख लेफ्टिनेंट डिम्पल कुमार, डॉ. ऋषि व लैब अटेंडेंट अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## खेत से चोरी किए हजारों रुपये के कृषि यंत्र

**रादौर ।** क्षेत्र के गांव लक्सीबांस से चोरों ने एक किसान के खेत से हजारों रुपये के रूटावेटर समेत अन्य कृषि यंत्र चोरी कर लिए। पुलिस ने प्रभावित ग्रामीण की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।लक्सीबांस के किसान राहुल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है।

उसने अपने खेत में कृषि उपकरण रूटावेटर व जंधरा खड़ा किया हुआ था। गत 21-22 नवंबर की रात को अज्ञात लोग उसके खेतों से रूटावेटर व एक जंधरा चुरा ले गए। सुबह जब वह अपने खेतों में गया तो मौके से उसका रूटावेटर व जंधरा गायब था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया।

# नगर कीर्तन यात्रा का रादौर में पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत, आज कुरुक्षेत्र में होगी संपन्न

- गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व के पावन अवसर पर निकाली जा रही है पावन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व के पावन अवसर पर साढ़ौरा से शुरू की गई चौथी पवित्र नगर कीर्तन यात्रा का रादौर में पहुंचने पर प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा समेत अन्य गणमान्य से जोरदार स्वागत किया।

चौथी पवित्र नगर कीर्तन यात्रा सुबह के वक्त यमुनानगर के जोड़ियि गुरुद्वारा में रात्रि विश्राम करने के बाद रादौर के लिए रवाना हुई। इस दौरान रास्ते में विभिन्न गांवो ऊंचा चांदना, रपोली, सतगोली, टोपरा कलां, हरनौल,रेतगढ़, हाफिजपुर, कुंजल कंबोयान, बैंडी, खजुरी, बकाना व रादौरी चौक से होते हुए रादौर पहुंची। जहां पर कृषि मंत्री समेत अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में हरियाणा प्रदेशभर में चार पवित्र नगर कीर्तन यात्राएं निकाली जा रही हैं। जो हरियाणा के सभी जिलों से गुजरते हुए 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में सम्पन्न होंगी। जहां सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके अगले दिन 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में महा समागम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा के प्रतीक है।

गुरु तेग बहादुर का त्याग, साहस और निःस्वार्थ सेवा आज भी समाज को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मौके पर मार्केट कमेटी रादौर के चेयरमैन रूपेंद्र सिंह मल्ही, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, राजकुमार शर्मा, कृष्ण कंबोज, जसविंदर ग्रेवाल, घनश्याम सैनी, जोगिंदर, प्रिंस सैनी, अजय छारी, रॉबिन सैनी, पार्षद विनीश राणा,सतीश सरपंच धौलरा व कृष्ण धीमान आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर के रादौर में नगर कीर्तन यात्रा का स्वागत करते हुए प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

## सामाजिक मुद्दों को लेकर हरियाणा कांबोज सभा की बैठक



**. रादौर।** हरियाणा कांबोज सभा की ओर से विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर एक बैठक का आयोजन कस्बा रादौर की कांबोज धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मशाला के प्रधान वेदप्रकाश ने की। मौके पर बैठक में कांबोज धर्मशाला रादौर के खर्च का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया। प्रधान वेदप्रकाश व सभा के जिला मीडिया प्रभारी अमित कांबोज ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि 26 दिसंबर को शहीद उधमसिंह कांबोज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम कांबोज धर्मशाला रादौर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्र में कांबोज समाज का मान-सम्मान बढ़ाने वाली हस्तियों व मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में ओम प्रकाश चमरौडी, शिव कुमार संधाला, रणबीर मंधार, जगमाल सिंह रतनगढ़, सुलेख चंद नंदपुरा, शीश कुमार जुब्बल, सतीश बकाना, कमलदीप कश्मीर गढ़, सतीश संधाली, सेवापाल दामला, अशोक जुब्बल, मास्टर सुभाष कांबोज, मान सिंह जुब्बल, राजपाल मंधार, रामेश्वर कांबोज, सीटू नंबरदार, विनीत बुबका, संजू रादौरी मौजूद रहे।

**उत्सव** स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

## हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बांटे पुरस्कार

# जीवन में सफलता हासिल करने के लिए मेहनत और लग्न से पढ़ाई करें विद्यार्थी : राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी में मेधावी बच्चों के लिए वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाग लिया। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राण, विशिष्ठ अतिथि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह, बाल कल्याण समिति के चेयरमैन अशोक कुमार, राकेश कुमार, बनारसी दास व शिक्षाविद् सतबीर सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। स्कूल की चेयरमैन स्नेहलता व प्रिंसिपल दीपमाला कांबोज ने मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने विद्यार्थियों को समझाया कि जीवन में सफलता पाने के लिए अपनी पूरी मेहनत और लग्न से पढ़ाई पर ध्यान दें। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को एक लाख 94 हजार 800 रुपये की राशि के पुरस्कार व ट्राफियां देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, वेलकम सांग की प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, बच्चों ने पिंड दियां गलियां, केसरी के लाल, संदेशपूर्ण बेटी हिंदुस्तान की, आकर्षक योगा प्रदर्शन, मातृत्व को समर्पित मां गीत पर नृत्य, पारंपरिक हिमाचली, हरियाणवी, राजस्थानी नृत्य और ऊर्जावान भांगड़ा प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा नन्हें मुन्ने बच्चों ने दादा-दादी व नाना-नानी को समर्पित गीत..तुझमें रब दिखता है.. पर प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया। स्कूल की प्रिंसिपल दीपमाला कांबोज व चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज ने मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ संपन्न हुआ। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी जोगिंद्र सिंह भी मौजूद रहे।





यमुनानगर के स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी में आयोजित वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए बच्चे।




## ऐतिहासिक होगा सर्वधर्म सम्मेलन : सपरा

*यमुनानगर। भारतीय जनता पार्टी के जिलास्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक पार्टी के जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। इस दौरान बैठक में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले सर्वधर्म सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को ले जाने के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष में 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग ले रहे हैं। इस सम्मेलन में जिला यमुनानगर की चारों विधानसभा क्षेत्र से 152 बसें व सैकड़ों की संख्या में कारों के माध्यम से श्रद्धालु कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे। जहां पर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी वर्ष के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के लिए यमुनानगर के संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। सपरा ने कहा कि गुरुओं के तप, त्याग और गौरवशाली इतिहास को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष को प्रदेशभर में भव्य रूप से मनाया जा रहा है। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा, प्रदेश आईटी प्रमुख आदित्य चावला, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह, पीयूष गोगियान व जिला उपाध्यक्ष विरेंद्र मुंजाल आदि मौजूद रहे।*



खबर संक्षेप



## जरुरतमंदों को कंबल का किया वितरण

कुरुक्षेत्र। श्रीशिव शक्ति सेवा मंडल ने अपना 33वां वार्षिक सहायता समारोह का आयोजन दुखभंजन मंदिर के परिसर में किया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में अमृत पाल चोपडा और सम्मानित अतिथि के रुप में वीना खुंगर मौजूद रहे। समारोह में मंडल ने सरकारी स्कूल के एक हजार बच्चों के लिए गर्म वर्दी की जर्सियां, ज्योमैट्री बाक्स और स्कूल की कापियां बांटने का काम किया और 150 जरुरतमंदों को कम्बलों की सहायता की। यह सभी कार्य सभी नगरवासियों की सहायता से हुआ। प्रधान मनोहर लाल खुंगर ने सभी नगर वासियों, मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथि और आए हुए सभी अध्यापकगण और बच्चों का धन्यवाद किया जिनके सहयोग से आज का कार्यक्रम सफल रहा।

## रीना वाल्मीकि बनीं राष्ट्रीय महासचिव

कुरुक्षेत्र। रीना वाल्मीकि को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर रीना वाल्मीकि ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार का आभार जताया है। रीना वाल्मीकि ने स्वराज और सर्वोदय की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी और हर्षवर्धन सकपाल एवं सचिन राव का भी आभार जताया है। रीना वाल्मीकि ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगी।



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव : लोक कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य की दी प्रस्तुति

# सांस्कृतिक विरासत को देख हो रहे लघु भारत के दर्शन

1 हिमाचल का पूजा व घट नृत्य, जम्मू-कश्मीर का धमाली व रुमाल नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

2 पर्यटकों ने घाटों पर कच्ची घोड़ी, ढोल नगाड़े और बीन बांसुरी का जमकर लुत्फ उठाया

3 शिल्पकारों ने बताया कि सरकार कागज़ व सोला वुड की शिल्पकला को बढ़ावा देने के लिए सुविधाएं दे रही

4 रविवार को अवकाश होने के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक सुबह से ही सरस और शिल्प मेले में खरीदारी के लिए पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर ब्रह्मसरोवर का तट देश की सांस्कृतिक विरासत को एक ही जगह पर देखकर महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को लघु भारत के दर्शन करने का मौका मिल रहा है। विभिन्न राज्यों की संस्कृति को एक जगह पर एकत्रित करके यह महोत्सव अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। इस तट पर देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छठा बिखेर रहे है और देश के विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकार अपनी कलाओं के जरिए लोगों को आकर्षित करने का कार्य कर रहे है। इस सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने और पवित्र ग्रंथ गीता की नगरी को देखने के लिए रोजाना काफी संख्या में पर्यटक अंतर्राष्ट्द्रीय गीता महोत्सव में पहुंच रहे है। अंतर्राष्ट्द्रीय गीता महोत्सव 2025 के 9वें दिन रविवार को छुट्टी के दिन सुबह से ही पर्यटक सरस और शिल्प मेले में खरीदारी करने के लिए पहुंच गए। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ती रही। इस महोत्सव में पर्यटकों को देश के हर राज्य की लोक कलाओं और संस्कृति से आत्मसात करने का अवसर मिल रहा है। इस वर्ष उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से हिमाचल प्रदेश के कलाकार पूजा और घट नृत्य, जम्मू कश्मीर के कलाकार धमाली नृत्य व भद्रवाही कुड व रुमाली नृत्य, पंजाब का झूमर व मालवाई गिद्दा, राजस्थान का चारी, उत्तराखंड के कलाकार पांडव नृत्य, मृध्य प्रदेश का गंगौर व पांथी नृत्य, झारखंड का पायका नृत्य, उड़ीसा का संभालपूरी नृत्य सहित राजस्थान के कच्ची घोड़ी नृत्य, ढेरु गाथा गायन आदि की शानदार प्रस्तुति दे रहे है। इसके साथ-साथ पंजाब का बाजीगर ग्रुप भी पर्यटकों को अपने मोहपाश में बांधने का काम कर रहा है। महोत्सव में जहां पर्यटकों प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को देखने का मौका मिल रहा है, वहीं देश के विभिन्न राज्यों और प्रदेश के जिलों से आए शिल्पकारों की शिल्पकला को देखने और खरीदने का मौका मिल रहा है। इन पर्यटकों के लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से पुख्ता इंतजाम भी किए गए है। एनजेडसीसी के अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए विभिन्न प्रदेशों के बेहतरीन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। यह शिल्प और सरस मेला 5 दिसंबर 2025 तक चलता रहेगा।





महोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार

पर्यटकों की भीड़ का दृश्य






## युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के होंगे प्रयासः कृष्ण बेदी

*अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान उड़ान जन कल्याण संस्थान द्वारा बूथ नंबर 529 पर अपना स्टॉल स्थापित किया गया है। हरियाणा के सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने इस स्टॉल पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस कार्यक्रम में उड़ान जन कल्याण संस्थान के प्रधान सुरेंद्र माजरी ने अध्यक्षता की। संस्थान की तरफ से कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यातिथि का बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने इस दौरान नशा छोड़ो-खेल अपनाओ स्टॉल का रिबन काटकर शुभारंभ किया। सामाजिक, न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि यह संस्था नशा छोड़ो-खेल अपनाओ और स्वदेशी अपनाओ-देश बचाओ स्वच्छ अभियान के तहत भी लोगों को जागरूक कर रही है। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, कश्यप समाज के प्रधान राजबीर कश्यप, गुरदयाल सुनहेड़ी, नवीन आर्य, संजीव कश्यप, बलविंद्र सैनी, अरुण शर्मा, रामलाल कश्यप, रण सिंह, राजबीर, जगदीश चंद्र, अनु मल्याण, सुभाष चंद्र, हैप्पी कुमार, शिवम वर्मा, हर्ष कुमार, पारस कुमार, बलदेव सिंह आदि मौजूद रहे।*

## कागज से बने रंग-बिरंगे फूलों से रंगीन हुई महोत्सव की फिजा




कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कागज से बने रंग-बिरंगे गुलाब और अन्य किस्मों के फूल अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की बगिया को महकाने का काम कर रहे हैं। इस महोत्सव में विभिन्न राज्यों से हुंचे शिल्पकार विभिन्न प्रकार के कागज व सोला वुड के फूलों को बनाकर पर्यटकों के लिए लेकर आए है। इन फूलों को बनाकर शिल्पकार कई अवार्ड हासिल कर चुके है। अहम पहलू यह है कि कागजों को फूलों का रूप देने का काम कई सालों से कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में शिल्पकार देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए बेहतरीन रंग-बिरंगे सुंदर फूलों को तैयार करके लाएं है। इन फूलों की कीमत भी आम पर्यटकों की पहुंच तक होगी और पिछले कई सालों से पर्यटकों के लिए यह फूल लेकर आ रहे हैं। शिल्पकारों ने विशेष बातचीत करते हुए बताया कि सरकार द्वारा कागज से बने फूलों की शिल्पकला को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई है। शिल्पकारों को मंच मुहैया करवाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, सुरजकुंड सहित कई अन्य प्रकार के मेलों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इस महोत्सव में गुलाब, सूरजमुखी, कमल, तुलिफ, कलियों सहित विभिन्न प्रकार के फूलों की वैरायटी बनाकर लाए हैं।

## सूर्यकुंड तीर्थ पर द्रौपदी नृत्य नाटिका का शानदार आयोजन



कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत रविवार को अभिमन्युपुर स्थित अदिति वन सूर्यकुंड तीर्थ पर नटराज संगीत एवं नृत्य विद्यालय द्वारा कत्थक नृत्य नाटिका द्रौपदी का आयोजन किया गया। कलाकारों ने कत्थक के माध्यम से द्रोपदी चीर हरण का मार्मिक चित्रण कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। देव सक्सेना के निर्देशन में हुई इस नाटिका में कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। यह प्रस्तुति हरियाणा कला परिषद द्वारा आयोजित करवाई गई। इस नृत्य नाटिका में द्रौपदी स्वयंवर दिखाया गया और फिर भगवान श्री कृष्ण को द्रौपदी को आशीष देते हुए दशार्या गया। कलाकारों ने कत्थक के माध्यम से श्री कृष्ण जी की लीलाएं प्रदर्शित की। दुशासन वध के साथ नृत्य नाटिका संपन्न हुई। द्रौपदी ने दुशासन की छाती से निकले लहू से अपना प्रतिशोध पूरा किया तो दर्शकों ने तालियों की गडगड़ाहट से उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर अदिति वन सूर्यकुण्ड समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेश चौहान, सचिव डॉ. मोहन लाल, कोषाध्यक्ष डॉ. हरिचरण शर्मा, शीशपाल गुप्ता, सुभाष टामक, अश्विनी शर्मा सहित काफी संख्या लोग उपस्थित रहे।



## इस्कॉन के हरिनाम संकीर्तन स्टॉल का किया शुभारंभ

*कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर इस्कॉन द्वारा स्थापित हरिनाम संकीर्तन एवं सेवा स्टॉल का उद्घाटन एक अमेरिकी वैष्णव संत की उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन के क्षण से ही पूरा परिसर ह्लहरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरेह्व महा-मंत्र के संकीर्तन से गूंज उठा, और देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने इस दिव्य वातावरण का अनुभव किया। स्टॉल पर भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के सुंदर विग्रहों के दर्शन के लिए एक आकर्षक लघु मंदिर स्थापित किया गया है, जहाँ भक्तगण लड्डू गोपाल के पलने को झुलाकर भक्तिभाव और प्रेम का अनुभव कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की निरंतरता में 1 दिसंबर को कुरुक्षेत्र स्थित श्री कृष्ण अर्जुन मंदिर में एक भव्य आध्यात्मिक आयोजन होगा। इस दिन भगवद्गीता के सभी 700 श्लोकों का सामूहिक उच्चारण एवं महा-गीता यज्ञ संपन्न कराया जाएगा।*



## जयभगवान शर्मा डीडी के नेतृत्व में संगत ने किया कीर्तन का अभिनंदन

पिहोवा। हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित शहीदी यात्रा पिहोवा पहुंची। यहां भाजपा नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी के नेतृत्व में संगत ने नगर कीर्तन का अभिनंदन किया। जय भगवान शर्मा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने मानवता की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। उनके बलिदान की बदौलत ही आज हिंदू धर्म कायम है। हम सब का दायित्व है कि उनके 350वें शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके प्रति सम्मान के भाव को व्यक्त करें। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज्योतिसर में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर नमन करने यहां पहुंच रहे हैं। इस दौरान कुरुक्षेत्र को करोड़ों रुपए की सौगात भी प्रधानमंत्री देंगे। रविवार को नगर कीर्तन गढ़ी लांगरी, ईशाक, कराह साहिब,मोहनपुर, धूपछड़ी, छोटा सैयाना, बड़ा सैयाना मोरथली संधू फार्म, गुरुद्वारा बाबा मक्खन शाह लबाणा होते हुए रात्रि विश्राम के लिए गुरुद्वारा बावली साहिब में पहुंचा। 24 नवंबर को सुबह गुरुद्वारा बावली साहब से नगर कीर्तन अगले पड़ाव के लिए शुरू होगा। सिख युवाओं का 350 सदस्यों का बाइक काफिला पूरी रहत मयार्दा के साथ नगर कीर्तन की अगुवाई करेगा। 24 को नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह सभा कुरुक्षेत्र रोड, डेरा अंबरसरिया फॉर्म, एसआईएस अकेडमी, गौचरान गुरुद्वारा, भट्ट माजरा, टीकरी, तलहेड़ी, मलिकपुर, कंथला, बचकी, खैहरा फार्म, डेरा चकचकातियां, लुखी संतोखपुरा, हसनपुर, बखतला, बलाही, दबखेड़ी जोगना खेड़ा, बाहरी होते हुए शाम को गुरुद्वारा छठी पातशाही कुरुक्षेत्र में संपन्न होगा।

## योग मानसिक संतुलन, सकारात्मकता और आत्मविश्वास का एक मजबूत माध्यम : दहिया

कुरुक्षेत्र। इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन विभाग द्वारा सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग और स्वस्थ जीवन में योग का महत्व विषय पर एक दिवसीय सेमिनार एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान की प्राचार्या प्रो. रीता द्वारा किया गया, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं एवं छात्रों को आत्म-सुरक्षा एवं योग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। योग एवं मेंटल हेल्थ सत्र में विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष दहिया ने बताया कि हर वर्ष विद्यार्थियों द्वारा की जाने वाली आत्महत्या के बढ़ते आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं, ऐसे में योग मानसिक संतुलन, सकारात्मकता और आत्मविश्वास का एक मजबूत माध्यम है। प्राचार्या प्रो. रीता ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आत्मरक्षा कौशल और योगाभ्यास न केवल सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं, बल्कि करियर के रूप में भी इनके व्यापक अवसर उपलब्ध है। पुशअप्स में रोहित देशवाल प्रथम नवीन द्वितीय और नरेंन शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया , जबकि सूर्य नमस्कार में सृष्टि प्रथम भिक्षु द्वितीय और छवि और हिमानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। दोनों वर्गों में टग ऑफ वार प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सैकड़ो विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।





## सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों के लिए कार्यशाला का किया आयोजन

शाहबाद। सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों की रचनात्मकता एवं शिक्षण कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय आर्ट इंटीग्रेशन रहा, जिसमें विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वेन्यू डायरेक्टर एवं प्राचार्य डॉ. रघुबीर सिंह घुम्मन के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और आज के शिक्षण वातावरण में कला आधारित शिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके बाद उन्होंने विशिष्ट संसाधन व्यक्तियों सुश्री रूबी त्यागी एवं डॉ. संजय त्यागी का परिचय कराया। सत्र के दौरान संसाधन व्यक्तियों ने आर्ट इंटीग्रेशन पर विस्तृत एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने कक्षा शिक्षण में कला को शामिल करने के व्यवहारिक उपाय, विषयों को रोचक बनाने की तकनीकें, और गतिविधि आधारित शिक्षण के महत्व पर जोर दिया। सेशन अत्यंत इंटरएक्टिव रहा, जिसमें शिक्षकों ने खुलकर भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। गतिविधि-आधारित सीख एवं वास्तविक उदाहरणों ने सत्र को और भी प्रभावशाली बना दिया। सत्र के अंत में प्राचार्य डॉ. रघुबीर सिंह घुम्मन ने संसाधन व्यक्तियों के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया तथा सभी शिक्षकों का उनके सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों के निरंतर व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (201 से 250)

❖ श्री दलबीर सिंह सुपुत्र श्री दयानंद, 668/5, उत्तम विहार, रोहतक ❖ श्री नीरू, 993/18, रोहतक ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री सोमनाथ, 527/25, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री जयप्रकाश सुपुत्र श्री भीम सिंह, नांदल, लाखनमाजरा, रोहतक ❖ श्रीमति वीरा देवी पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 26, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नीरू चहल सुपुत्र श्री श्रवण कुमार, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री राजेश कुमार सुपुत्र श्री दीपचंद, म.नं. 1306/31, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री हरिवंदर सिंह सुपुत्र श्री होशियार सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री तुषार कथूरिया सुपुत्र रविंदर कथूरिया, म.नं. 194818, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री श्याम कपूर सुपुत्र श्री मूलचंद कपूर, सी 312, नजदीक शिव मंदिर, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री सुमेर सिंह सुपुत्र स्व. श्री निहाल सिंह, गांव सैमाण, तह. महम, रोहतक ❖ श्री हरीश कुमार सुपुत्र श्री खरेती लाल, 709/12, प्रधाना मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कैलाश चंद्र सुपुत्र हरिसिंह, 1445/22, ओल्ड विजय नगर, रोहतक ❖ श्री प्रमोद सुपुत्र राज सिंह, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मांगेराम सुपुत्र लखीराम, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ श्री सुरेंद्र सुपुत्र देव सिंह, 2149/50 सेक्टर 1, रोहतक ❖ परिणीता सुपुत्र कुलदीप, सेक्टर 1, रोहतक ❖ श्री राजेन्द्र कृपाल सुपुत्र स्व. शिवराम, 95/29, जसबीर कालोनी, रोहतक ❖ श्री कंदीप सुनेजा सुपुत्र श्री हरीश सुनेजा, 1210/5, पंजी मौहल्ला, तह. व जिला रोहतक ❖ श्री संदीप सूरजा सुपुत्र श्री हरीश सूरजा, 1210/5, पीरजी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश ढुल सुपुत्र बलवंत सिंह, शास्त्री नगर, हिसार बाईपास रोहतक ❖ श्री मोहित चुघ सुपुत्र श्री मदनलाल, 52ए/26, जवाहर नगर रोहतक ❖ श्री ओमपति प्रताप सिंह सुपुत्र स्व. प्रताप सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री वंश सुपुत्र रोहित जसपाल, हनुमान कॉलोनी, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्रीमति त्रिपति विज पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 323, फेस सी, प्रीत विहार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, रोहतक ❖ श्रीमति संतोष पत्नी श्री राजबीर सिंह, देव कॉलोनी, नजदीक सीएसडी कैंटीन, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री ऋषि राम, म.नं. 659/45/21, विशाल नगर, रोहतक ❖ श्री रवि सुपुत्र प्रदीप, गांव मोखरा (रोज), रोहतक ❖ श्री संदीप सुपुत्र श्री भगत सिंह, 650/35, जनता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री ननोहर लाल सुपुत्र श्री जीवनदास, गांव बैंसी, पुराना बाजार, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति गुनिका सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार, म.नं. 643 सी/30, आदर्श नगर, रोहतक ❖ श्री जय किशन आरती सुपुत्र श्री रामचंद्र, किलोई (दोपाना), रोहतक ❖ श्री दीपक सुपुत्र श्री रामकिशन म.नं. 136 टाइप नं. 1, एमडीयू कैंपस ❖ श्री राजेंद्र सिंह सुपुत्र श्री शीशपाल, गांव व डा. नांदल, रोहतक ❖ श्रीमति ऋतिका सुपुत्री श्री नारायण सिंह, वार्ड नं. 10, नियर रविदास मंदिर, कलानौर, रोहतक ❖ श्री धर्मवीर सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, म.नं. 2354, नई राजेन्द्रा कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राहुल सुपुत्र श्री सुरेश, खरक जाटान, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्री अन्नु सुपुत्र बिजेंद्र, खरक जाटान, तह. लाखनमाजरा रोहतक ❖ श्री सुंदर सिंह सुपुत्र श्री देवेंद्र सिंह, गांव भालौठ, रोहतक ❖ श्रीमति कौशल्या रानी सुपुत्र श्री कलीराम, 143, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र प्रभाती राम, म.नं. 575/31, अंबेडकर कॉलोनी गली नं. 3, रोहतक ❖ श्री भगवान सुपुत्र इन्द्र सिंह, राव्याण, किलोई दोपाना, रोहतक ❖ श्रीमति सुशील देवी सुपुत्री श्री राजेंद्र सिंह, 582/29, तिलक नगर, रोहतक ❖ श्रीमति भावना भाटिया पत्नी रमेश कुमार, चिन्योट कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नरसिंह दास सुपुत्र श्री राम सहाय, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री मुन्नीलाल सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, म.नं. 98, पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री सुभाष चंद्र सुपुत्र श्री अर्जुन दास, 69 बी/3, मंदीप स्कूल वाली गली, रोहतक ❖ श्री जोगिन्दर प्रकाश चावला सुपुत्र श्री राम नारायण, 73/4, शिवाजी कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री अजय सिंधु सुपुत्र बीएस सिंधु, म.नं. 815/29, कमल कॉलोनी, रोहतक ❖ श्रीमति पूनम सुपुत्री श्री नरेंद्र सिंह, जाट कॉलोनी, वार्ड नं. 15, कलानौर, रोहतक

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

- कार्यालय पता -

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

कार्यक्रम

मानवता के रक्षक गुरु तेग बहादुर को चिकित्सा सेवा ने किया नमन

106 रोगियों को परामर्श, चेकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी

# गुरु तेग बहादुर का साहस, त्याग और मानवता के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणादायक : डॉ. हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्रीगुरु तेग बहादुर जी के पावन स्मृति-दिवस पर उनके अतुलनीय बलिदान, मानवता-रक्षा और धर्म-सुरक्षा के अद्वितीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय, गाँव हसनपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए डॉ. हिमांशु जैन ब्रेन एवं स्पाइन न्यूरो सर्जन ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का साहस, त्याग और मानवता के प्रति समर्पण हम सभी के लिए जीवन-प्रेरणा है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय का आवाहन किया कि गुरुओं के आदर्शों, सद्भाव, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा-भाव को अपने जीवन का आधार बनाएं। डॉ. जैन ने आधुनिक जीवनशैली में नर्वस सिस्टम की देखभाल को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनाव-नियंत्रण, मस्तिष्क व तंत्रिका तंत्र को स्वस्थ रखने के सबसे मजबूत आधार हैं।



कुरुक्षेत्र। कैंप में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### डॉ संजय के नेतृत्व में 2053 वां कैंप आयोजित

योग, ध्यान और सकारात्मक दिनचर्या अपनाकर हर व्यक्ति अपने नर्वस सिस्टम को दीर्घकाल तक सुदृढ़ रख सकता है। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 2053 वां कैंप आयोजित किया गया। कैंप में 106 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। सरपंच दिलबाग सिंह समाजसेवी ने डॉ हिमांशु जैन, डॉ संजय शर्मा एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस, डॉ प्रीती का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए कहा कि डी.आर. जैन न्यूरोकेयर हॉस्पिटल की टीम ने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकीय उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. सुनील कौशिक, प्रीतपाल सेक्टर तीन परमजीत सिंह, मोनिका कोऑर्डिनेटर, अंजू, सौरभ, गौरव, प्रवीण, संदीप शर्मा, जितेंदर, सुरजीत, रचित,कुलदीप,नौसादर सिंह विद्यालय स्टाफ एवं पंचायत सदस्यों सहित उल्लेखनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



बराड़ा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ब्लाइंड क्रिकेट नॉर्थ ज़ोन टूर्नामेंट: हिसार की टीम फाइनल में पहुंची

**बराडा।** ब्लाइंड क्रिकेट नॉर्थ ज़ोन टूर्नामेंट पूरे क्षेत्र में खेल भावना और उत्साह का संचार कर रहा है। 21 से 24 नवंबर तक चल रहे इस चार दिवसीय टूर्नामेंट की देखरेख ब्लाइंड क्रिकेट अकादमी हरियाणा नॉर्थ ज़ोन के सेक्रेटरी कृष्ण मलिक कर रहे हैं। टूर्नामेंट का उद्देश्य दृष्टिबाधित खिलाड़ियों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारना है। दूसरे दिन मुकाबलों का शुभारंभ डीएसपी सुरेश कौशिक और सेक्रेटरी राहुल देव ने टॉस करवा कर किया। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते राहुल देव ने 21,000 रुपये तथा प्राइवेट स्कूल एसोसि के प्रधान हरपाल सिंह ने 15,000 रुपये की सहयोग राशि दी।

### देह व्यापार मामले आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में अनैतिक देह व्यापार के मामले में पुलिस ने आरोपी हिमांशु उर्फ मोहित को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी जोगिंद्र सिंह व अन्य ने बताया था कि हिमांशु उर्फ मोहित भी इस मामले में संलिप्त है। इस मामलें मे अबतक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 27 अक्तूबर 2025 को सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी अक्षित उर्फ विक्की, मोहित व आरोपी महिला व अन्य को योजनाबद्ध तरीके से देह व्यापार का अनैतिक कार्य करते हुए काबू किया था। गोल्डन इरा सैलून थैरेपी की आड़ में यह कारोबार कर रहे थे।

### मारपीट करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक व नवजोत सिंह को गिरफ्तार किया है। जंडली की लक्ष्मीनगर कॉलोनी के मोहित सिंह ने 29 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 सितंबर को सिविल अस्पताल में सरकारी कार्य में बाधा डालकर आरोपी अमित कुमार व अन्य ने उससे मारपीट करके चोट पहुंचाने का अपराधिक कार्य किया है।

### 19 नए मरीज मिले, पीलिया के बढ़ते मामलों को कंट्रोल करने में जुटा अमला

# नालियों की गंदगी और अवैध कनेक्शन बन रहे खतरा

जनस्वास्थ्य और नगरपालिका की टीमें राहत और नियंत्रण कार्यों में जुटी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

हेपेटाइटिस ए (पीलिया) के बढ़ते मामलों के बाद स्वास्थ्य विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग और नगरपालिका की टीमें राहत एवं नियंत्रण कार्यों में लगातार जुटी हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गंदा पानी पीने और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों के सेवन से यह बीमारी फैलती है। जनस्वास्थ्य विभाग का कहना है कि उनकी टीम कई दिनों से क्षेत्र में सक्रिय है और अब तक कहीं भी पेयजल लाइन में लीकेज नहीं मिली है। रविवार को भी जनस्वास्थ्य विभाग की टीम विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण करती नजर आई। जेई दीपक राणा ने बताया कि सभी अवैध पानी कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। कई उपभोक्ताओं ने अपने कनेक्शन नालियों के बीच से ले रखे थे, जिससे गंदे पानी के पाइप में घुसने का खतरा बना हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने स्वयं इन कनेक्शनों को ऊपर उठाने का काम शुरू कर दिया है। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि नालियां गंदगी से भरी होने के कारण पाइप के गलने और गंदे पानी के रिसाव की आशंका बढ़ जाती है।



बराड़ा। विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करती टीम। फोटो : हरिभूमि

#### सभी का उपचार जारी

एएसएमओ डॉ. बीरबल सिंह ने बताया कि पिछले दो दिनों में पीलिया के 19 नए मरीज मिले हैं और सभी का उपचार जारी है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन पूरी तरह सुधरने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। स्वास्थ्य विभाग और नगरपालिका की टीम पूरे क्षेत्र का दौरा कर लोगों को साफ-सफाई और उबला पानी पीने के लिए जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि सभी क्षेत्रों में क्लोरिन की मात्रा भी बढ़ा दी गई है।

#### नालियां और सीवरेज जाम

इस मामले में नगरपालिका, स्वास्थ्य विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है जिसमें नायब तहसीलदार आलमगीर को प्रशासन की ओर से प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को पानी के सैंपल लेकर करनाल भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट तीन दिन में मिलेगी। निरीक्षण के दौरान सीवरेज जाम और नालियों में गंदगी की स्थिति भी सामने आई है, जिसे लेकर सफाई कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

#### स्थिति का आंकलन किया जा रहा

मैंने अभी कार्यभार संभाला है। फिलहाल स्थिति का आंकलन किया जा रहा है। सफाई व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करवाया जाएगा।
- **मोहित सैनी,** सचिव, नपा

### बराड़ा से प्रारंभ शहीदी यात्रा ने विभिन्न गांवों में होते शाहाबाद में किया प्रवेश

# सिख गुरुओं की कुर्बानी बलिदान की दुनिया में सबसे बड़ी मिसाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराडा**

श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350 वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) रविवार को गुरूद्वारा श्री तेग बहादुर साहिब बराड़ा से प्रारंभ हुई। इस मौके पर पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान, नगरपालिका अध्यक्ष रजत मलिक, पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा व साध संगत ने गुरूद्वारा साहिब में माथा टेककर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर यात्रा की अगुवाई कर रहे पंच प्यारों को सिरोपा भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया गया। पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने नगर कीर्तन में शामिल होकर यात्रा का अभिनंदन किया और श्रद्धालुओं ने भी पुष्पवर्षा करके यात्रा का श्रद्धापूर्वक सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार श्री गुरू तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस सरकारी तौर पर मनाने का काम कर रही है। कुरूक्षेत्र में 25 नवंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ज्योतिसर मे किया जा रहा है जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे गुरूओं द्वारा जो कुर्बानियां दी गई हैं उसकी बदौलत हम सिर उंचा करके जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरू तेग बहादुर ने धर्म व मानवता की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया है। उनके द्वारा जो कुर्बानी दी गई है, उसकी कोई मिसाल नहीं है। यात्रा का बाजार के साथ-साथ अन्य सभी जगहों पर पुष्प वर्षा करके श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक सम्मान किया और माथा टेककर आशीर्वाद भी लिया। नगर कीर्तन मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा की गई सेवा भावना—लंगर वितरण, प्रसाद और पुष्प वर्षा इस यात्रा को मानवता, त्याग और धार्मिक सौहार्द का प्रेरणादायक प्रतीक बना रही है। यह यात्रा श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान, धर्म रक्षा और मानव अधिकारों के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही है। यह ऐतिहासिक शहीदी यात्रा महाराणा प्रताप चौक, महाराणा रणजीत सिंह चौक, शहीद उद्यम सिंह चौक, अधोया चौक, अधोई, उगाला से गुजरती हुई गुरूद्वारा श्री मंजी साहिब शाहबाद के लिए रवाना हुई।





बराडा। शहीदी यात्रा का दृश्य व पूर्व विधायिका संतोष चौहान को सम्मानित करते सिख प्रतिनिधि।

#### सिरोपा भेंट कर किया अभिनंदन

उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि गुरू तेग बहादुर के नाम से बराड़ा रेलवे स्टेशन के नजदीक चौक का निर्माण करवाने के साथ-साथ रजौली की तरफ जाने वाली सडक का भी श्री गुरू तेग बहादुर के नाम से रखवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें गुरूओं द्वारा दी गई शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए अपने जीवन को पवित्र बनाना चाहिए। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगों को सिरोपा भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य राजेंद्र सिंह, हरपाल सिंह बराड़ा, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व उप प्रधान सुदर्शन सहगल, भाजपा पदाधिकारी रमेश पाल नोहनी, मोनिका कालड़ा, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी से जोगिंद्र सिंह, सतविंदरपाल सिंह बजाज, जसविंद्र सिंह वधवा, जगजीत सिंह गुलाटी, नपा सदस्य अमरेंदर सिंह रोबिन, परवेश मंहदीदत्ता, गुरजिंदर कौर, परमजीत सिंह बराड़ा, जोगिंदर सिंह के साथ-साथ सिख समाज के अनेक प्रतिनिधि, सिख संगत मौजूद रही।

## ऐतिहासिक नगर कीर्तन का श्रद्धापूर्वक किया स्वागत

### मत्था टेककर गुरु साहिब के प्रति श्रद्धा प्रकट

- गुरु तेग बहादुर की शहादत मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण : विद्यालय प्रबंधन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित ऐतिहासिक नगर कीर्तन का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक समिति के सदस्यों तथा स्कूल प्रिंसिपल वरिंदर कौर ने विद्यालय परिसर के सामने पहुंचकर नगर कीर्तन का विधिवत स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हुई जब कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने स्कूल स्टाफ के साथ गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर जी में मत्था टेककर गुरु साहिब के प्रति श्रद्धा प्रकट की। गुरुद्वारा दर्शन के पश्चात सभी ने नगर कीर्तन की अगवाई के लिए विद्यालय के मुख्य द्वार पर व्यवस्था संभाली। नगर कीर्तन जब स्कूल के पास पहुंचा तो प्रिंसिपल वरिंदर कौर, प्रबंधक समिति के सदस्यों और पूरे स्कूल स्टाफ ने श्रद्धा भाव से सिरोपे पहनाकर नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस दौरान नगर कीर्तन में शामिल संपूर्ण संगत को प्रसाद वितरित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि गुरु तेग बहादुर की शहादत मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में सेवा, बलिदान और सद्भाव की शिक्षा मिलती है।




बराडा। सिरोपा भेंट करते स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## गुरु रविदास प्रकाश पर्व पर निकाला जाएगा नगर कीर्तन

- सोसायटी के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

श्री गुरु रविदास नगर कीर्तन वेलफेयर सोसायटी की विशेष बैठक सरकपुर में आयोजित की गई। इसमें श्री गुरु रविदास महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी प्रधान शीशपाल ने की, जबकि संचालन सचिव संजीव कुमार ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 23 जनवरी को खंड स्तरीय विशाल एवं भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा। इसके लिए क्षेत्र के सभी गांवों में जाकर संगत को आमंत्रित किया जाएगा।

कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस नगर कीर्तन में शामिल होते हैं। संत समाज सहित अनेक प्रमुख हस्तियां भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहती है। नगर कीर्तन पूरी मर्यादा, शांति और अनुशासन के साथ निकाला जाएगा। कमल बराड़ा ने बताया कि श्री गुरु रविदास अमृतवाणी की अगुवाई में निकलने वाले इस नगर कीर्तन में आकर्षक झांकियां, विभिन्न बैंड पार्टियां और धार्मिक झलकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी।

नगर कीर्तन बराड़ा अनाज मंडी से आरंभ होकर रेलवे ओवरब्रिज, बराड़ा गांव, श्री गुरु रविदास चौक, महाराणा प्रताप चौक और मुख्य बाजार से होता हुआ मौजगढ़ में संपन्न होगा। संगत से अपील करते हुए कमेटी ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अनुरोध किया।



बराडा। जानकारी देते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## छात्रों ने देशभक्ति के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों से लूटी वाहवाही

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस का एक दिवसीय शिविर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुई, जिसने छात्रों में सेवा और समर्पण की भावना को जागृत किया। इसके बाद प्रिंसिपल मंजू बाला के विद्यार्थियों को एनएसएस के कैंप में भाग लेने के बारे में जागरूक किया। इसके उपरांत डॉ. कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को एनएसएस के उद्देश्य, इसकी स्थापना के मूल सिद्धांतों और राष्ट्रीय सेवा योजना के वास्तविक लक्ष्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएसएस युवाओं में राष्ट्र सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व गुणों का विकास करता है। शिविर के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, कुछ छात्राओं ने समूह गीत गाकर कार्यक्रम में रंग भरे। छात्रों ने व्यक्तिगत स्वच्छता विषय पर पोस्टर भी बनाए। इसके अलावा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, स्वच्छता अभियान, संविधान और अन्य सामाजिक विषयों पर स्लोगन लेखन गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा के महत्व और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।



बराडा। कैंप में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

## गीता महोत्सवः वाहनों का रूट डायवर्ट

- 23 से 25 तक भारी वाहन शहर में नहीं कर पाएंगे प्रवेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है। 23 से 25 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 3 से 7 बजे के बीच भारी वाहनों का प्रवेश शहर में पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह निर्णय भीड़, सुरक्षा और सुचारु यातायात के मद्देनजर लिया गया है। पुलिस के अनुसार चंडीगढ़ से दिल्ली की ओर में जाने वाले भारी वाहनों को सद्दोपुर बॉर्डर से डायवर्ट किया जाएगा। इन वाहनों को 152-डी हिसार बाइपास के रास्ते से आगे भेजा जाएगा। इस रास्ते के माध्यम से वाहन ड्राइवर बिना किसी बाधा के अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। लुधियाना और पंजाब क्षेत्र से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को शंभू बॉर्डर पुल के नीचे से रूट बदला जाएगा। यहां से भी वाहनों को 152-डी हिसार बाईपास की ओर भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि वीवीआईपी आवाजाही के दौरान इस क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रण आवश्यक है इसलिए इन तीन दिनों तक सभी भारी वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से ही गुजरना होगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महोत्सव के दौरान मुख्य रास्तों पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बाधित रहेगा। वाहन ड्राइवरों से अपील की गई है कि वे बंद रास्तों की ओर न जाएं और वैकल्पिक रास्तों का ही उपयोग करें। ऐसा करने से वे अनावश्यक देरी और ट्रैफिक जाम से बचेंगे।

#### नियमों का पालन करें, धैर्य बनाए रखें

पुलिस का कहना है कि किसी भी असुविधा की स्थिति में मौके पर मौजूद कर्मी यात्रियों को तुरंत ऑप्शनल रास्तों की जानकारी देंगे। पुलिस ने नागरिकों और वाहन ड्राइवरों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान नियमों का पालन करें, धैर्य बनाए रखें और भीड़-भाड़ वाले रास्तों से बचने की कोशिश करें। यह रूट प्लान आमजन, श्रद्धालुओं और वीआईपी मूवमेंट को सुरक्षित और आसानी से संचालित करने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**कार्यक्रम** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि में 5 दिवसीय शिविर /"हर हाल में खुशहाल/"

# आध्यात्मिकता जीवन को सरल शांत बनाना सिखाती है जिससे आंतरिक स्थिति डिस्टर्ब नहीं होगी: दीदी

मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री असीम ने कार्यक्रम में शिरकत की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

अंबाला शहर की जग्गी कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चल रहे 5 दिवसीय शिविर /"हर हाल में खुशहाल/" के पहले दिन के सुबह 6 से 8 व शाम को 6 से 8 वाले दोनों सेशन संपन्न हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कार्यक्रम में शिरक़त की।

मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर ब्रह्माकुमार इवी गिरिश ने उनका तिलक, पुष्पगुच्छ और पटके के साथ आश्रम संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दिव्या दीदी ने स्वागत किया। शिविर का उद्‌घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। पहले दिन का विषय आध्यात्म की वास्तविकता पर चर्चा करते हुए भ्राता ने बड़े ही उमंग व सरलता से अपना प्रथम वक्तव्य रखा। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता एकमात्र समाधान है, इस युग की सभी समस्याओं का। आध्यात्मिकता का अर्थ है सरल हो जाना सहज हो जाना। हर चीज को आसान कर देना है। बहुत ज्ञानी हो जाना अभिमानी हो जाना ही आध्यात्मिक व धार्मिक होना नहीं है। उन्होंने कहा अच्छे होने की परिभाषा को भी देखें कि अच्छे बने स्वयं के लिए और अपनों के लिए। अच्छा बने अपने बीपी, हार्ट , घुटनों के लिए। अच्छी मम्मी, अच्छी पत्नी, अच्छा पति अच्छा पिता बनिए। आध्यात्मिकता जीवन को सरल शांत बनाना सिखाती है जिससे हमारी आंतरिक स्थिति कभी डिस्टर्ब नहीं होगी। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने भ्राता गिरीश भाई का अंबा मां की इस धरती में आने के लिए बेहद दिल से उनका अभिनंदन किया व उनका स्वागत किया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दिव्या दीदी व राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मीरा दीदी का बहुत बहुत धन्यवाद किया।



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व बीके बहनें। फोटो : हरिभूमि

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में ललित गोयल , सतीश चावला , सीए एसपी गोयल , अर्चना मनचंदा , रवि , वीरेंद्र जैन , डॉक्टर किरण गुप्ता , डॉक्टर मनदीप, बीके ओबरॉय भी मौजूद रहे।